सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. 35/27/2020-राभा दिनांक - 02 फरवरी, 2024

सूचना

विषय : वार्षिक विज्ञान पत्रिका "इलेक्ट्रॉनिक दर्पण" (अंक - 8) के लिए वैज्ञानिक लेखों/शोध पत्रों का आमंत्रण।

संस्थान की हिंदी विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण' का आगामी अंक [वर्ष - 8 (अंक-8)] प्रकाशनाधीन है। इस पत्रिका में संस्थान के वैज्ञानिकों / तकनीकी सहकर्मियों/ पीएचडी छात्र/परियोजना सहायक/रिसर्च ऐसोसिएट/एसीएसआईआर के विद्यार्थी आदि द्वारा लिखित वैज्ञानिक लेख/शोधपत्र प्रकाशित किए जाते हैं। हिन्दी में विज्ञान लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 22 नवंबर 2017 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार इस पत्रिका में प्रकाशित लेख संस्थान में लागू राजभाषा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन पुरस्कार मूल्यांकन समिति की संस्तुति पर निदेशक महोदय के अनुमोदन के उपरांत नियमानुसार **रु. 2000/- के नकद पुरस्कार के लिए भी पात्र होते हैं** [संदर्भ - योजना सं. 5 : सीएसआईआर - सीरी वैज्ञानिक/तकनीकी/प्रशासनिक कार्य हिन्दी में करने हेतु प्रोत्साहन योजना (क) लेख/शोध पत्र लेखन]

संस्थान के सभी नियमित/अस्थायी सहकर्मी/पीएचडी छात्र/परियोजना सहायक/रिसर्च ऐसोसिएट/एसीएसआईआर के विद्यार्थी आदि पत्रिका के लिए टंकित या हस्तलिखित लेख उपलब्ध करा सकते हैं। टंकित लेख भेजने के लिए कृपया निम्नलिखित बिंदुओं का ध्यान रखें :

शब्द सीमा	:	**लेख के लिए शब्द सीमा 800-1200 शब्द**
लाइन स्पेस	:	**1 (सिंगल)**
मार्जिन	:	**चारों ओर से 1 इंच**
पेज साइज़	:	**लेटर**
चित्र/फोटो	:	**JPEG/PNG फॉर्मेट में (उच्च रेज़ोल्युशन)**
फॉन्ट	:	**मंगल / अथवा कोई अन्य फॉन्ट जो यूनिकोड कंप्लायंट हो**

अत: संस्थान में कार्यरत/प्रशिक्षणरत/अध्ययनरत सभी हिन्दी प्रेमियों से अनुरोध है कि कृपया विज्ञान पत्रिका के लिए अपने लेख लिखित/टंकित रूप में राजभाषा प्रकोष्ठ में व्यक्तिगत रूप से अथवा ई-मेल (baura@ceeri.res.in) पर उपलबध करा दें।

विज्ञान पत्रिका के नियमित प्रकाशन में सभी सहकर्मियों का सहयोग अपेक्षित एवं प्रार्थनीय है।

02/02/2024
(रमेश बौरा)
वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी एवं
संपादक, 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण'

प्रतिलिपि -

1. निदेशक कार्यालय
2. प्रशासन नियंत्रक / प्रशासनिक अधिकारी
3. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य
4. सभी विभागाध्यक्ष / समूह प्रमुख - कृपया इसे अपने सभी सहकर्मियों की जानकारी में ला दें और लेखन के लिए प्रेरित करें।
5. प्रभारी, एआईटीजी- वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।
6. सूचना पट्ट